**SET NO-1**

**Roll No.**

Candidates must write the Set No. on the title page of the answer book.

# SAHODAYA PRE-BOARD EXAMINATION (2025-26)

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 10 हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न हैं।

**(IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाहन में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## CLASS–X
## SUBJECT– HINDI COURSE-B (085)

**निर्धारित समय:- 3 घंटे** **अधिकतम अंक- 80**

**सामान्य निर्देश:-**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(ii) इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं - खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।

(iii) **खंड क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।

(iv) **खंड ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

(v) **खंड 'ग'** पाठ्य पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

(vi) **खंड 'घ'** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

(vii) यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड-क (अपठित बोध)

1。 निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए --- (7)

हमारा पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। यह हमें प्रकृति से विरासत में मिला है। यह हम सबका पालनकर्ता और जीवनाधार है। वस्तुतः पर्यावरण-रक्षण भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, पेड़-पौधे और जानवर हमारे मित्र हैं। बड़े-बड़े बाग-बगीचों और पार्कों को 'शहर का फेफड़ा' कहा जाता है। हमारी संस्कृति में पेड़ लगाना पुण्य का कार्य माना जाता है ।पीपल, बरगद, आम, नीम, जामुन, आँवला जैसे उपयोगी वृक्षों के रोपण को महान धार्मिक कृत्य  माना गया है। ये कार्य प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति हमारी आस्था प्रकट करते हैं। इन कार्यों से हममें अच्छे संस्कार आते हैं। शिक्षा का सही लाभ तभी होगा, जब हम अच्छे संस्कारों को बनाए रखें।

पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता इस बात की है कि प्रदूषक कार्यों को रोका जाए।सरकारी स्तर पर इस दिशा में अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण-प्रदूषण को रोकने में हम स्वयं भी सहयोग दे सकते हैं। इस समस्या पर अगर हम आज मंथन नहीं करेंगे, तो प्रकृति संतुलन स्थापित करने के लिए स्वयं कोई भयंकर कदम उठाएगी और हम मनुष्यों को भयंकर परिणाम भुगतना होगा। पर्यावरण रक्षण के लिए हमें अत्यधिक पेड़ लगाने होंगे, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने से बचना होगा। प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। कूड़े-कचड़े का निपटारा उचित स्थान और उचित ढंग से करना होगा। वर्षा के जल का संचय एवं भूमिगत जल को संरक्षित करने का प्रयास करना होगा। ऐसी तकनीकों का विकास करना होगा, जिससे यातायात के साधनों द्वारा प्रदूषण न फैले। हम मनुष्यों को पृथ्वी तथा पर्यावरण-रक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने होंगे।

(क) हमें प्रकृति से विरासत में मिला है- 1

(i) संस्कृति

(ii) कला

(iii) खनिज भंडार

(iv) पर्यावरण

(ख) गद्यांश के अनुसार शिक्षा का सही उद्देश्य है- 1

(i) अच्छे संस्कारों को बनाए रखना

(ii) अर्थोपार्जन करना

(iii) बुद्धिमान नागरिक बनना

(iv) वृक्षारोपण करना

(ग) निम्नलिखित कथन (**A**)तथा कारण (**R**)को ध्यान पूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

कथन(**A**): पर्यावरण-प्रदूषण एक गंभीर समस्या है।

कारण(**R**): पर्यावरण-रक्षण के लिए हम सबको निस्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए।

(i) कथन(**A)** सही है लेकिन कारण(**R)** गलत है।

(ii) कथन(**A)** और कारण(**R)** दोनों सही हैं।

(iii) कथन(**A)** गलत है और कारण (**R)**सही है।

(iv) कथन(**A)** और कारण(**R)** दोनों गलत हैं।

(घ) पर्यावरण-रक्षण के लिए हमें कौन-कौन से प्रयास करने चाहिए? 2

(ङ) यह गद्यांश हमें क्या संदेश देता है ? 2

2。 निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए --- (7)

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया,उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं।दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्य-व्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है।। बीत जाने पर कार्य फलप्रद नहीं होता। सूरज यदि समय पर उदय होना व अस्त होना बंद कर दे, वर्षा यदि समय पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोए, तो कैसी स्थिति हो जाएगी? ठीक इसी प्रकार यदि विद्यार्थी समय की कीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता नहीं प्राप्त कर सकता। परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा और उस दिन आराम करेगा तो उसे वांछित सफलता नहीं मिल सकती।

**(**क**)** सफलता पाने के लिए विद्यार्थी को क्या आवश्यक है**?** **(1)**

(i) खेल-कूद में समय बिताए

(ii) आलस जीवन व्यतीत करे

(iii) समय की कीमत पहचाने

(iv)व्यर्थ की बातों में समय बिताए

**(**ख) निम्नलिखित कथन (**A)**तथा कारण (**R)**को ध्यान पूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(1)**

कथन(A): प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी बनानी चाहिए।
कारण(R): समय का सही उपयोग करने वाला विद्यार्थी कोई भी कार्य आसानी से कर सकता है।

(i) कथन(A)और कारण, दोनों सही हैं और कारण(R), कथन(A)की सही व्याख्या करता है।
(ii)कथन(A)और कारण(R), दोनों सही हैं, लेकिन कारण(R), कथन(A)की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) कथन(A)सही है, लेकिन कारण(R)गलत है।
(iv)कथन(A)गलत है, लेकिन कारण(R)सही है।

(ग) विद्यार्थी द्वारा समय की कीमत न समझने से कौन-सी हानि होती है (1)
(i) वांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकता
(ii) सफलता प्राप्त कर सकता है
(iii) सभी की मदद कर सकता है
(iv) जीवन में आगे बढ़ सकता है

(घ) बातूनी और सफल व्यक्तियों में क्या अंतर होता है? (2)
(ङ)प्रकृति द्वारा समय के सदुपयोग के दो उदाहरण दीजिए। (2)

## खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

3. निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(4x1=4)
(क) दोनों कबूतर रातभर ख़ामोश और उदास बैठे रहते हैं- वाक्य में क्रिया पदबंध छाँटकर उसका कारण लिखिए ।
(ख) राम <u>सुबह से शाम तक लगातार</u> पढ़ाई करता है।रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।
(ग) तोतों को उनकी दहकती भूरी आँखों से भय न लगता था। विशेषण पदबंध लिखिए ।
(घ) पदबंध किसे कहते हैं?
(ङ) भाई साहब कोर्स का एक-एक शब्द <u>चाट गए थे</u>। रेखांकित पदबंध का भेद कारण सहित बताइए।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद'पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (4x1=4)
(क) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं और उनके नाम क्या हैं?
(ख) संयुक्त वाक्य का एक उदाहरण दीजिए?
(ग) 'राम घर गया। उसने माँ को देखा।' संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(घ) 'शैलेंद्र का दृढ़ निश्चय था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए ।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद क्या होगा?

(ङ) सरल वाक्य की परिभाषा लिखिए ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(4x1=4)

(क) 'सप्ताह 'का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

(ख) "गज के समान आनन है जिसका"- समस्त पद लिखकर समास का नाम लिखिए।

(ग) "कमल के समान नयन"- इसका समस्त पद लिखकर समास का नाम लिखिए।

(घ) तत्पुरुष समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'यथाशक्ति' अव्ययीभाव समास है। कैसे? स्पष्ट कीजिए।

6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(4x1=4)

(क)भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए........करनी पड़ती है।
(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजि**ए।)**

(ख) समुद्र के किनारे शाम को ततांरा रोज वामीरो.........था।
(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

(ग) शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर राज कपूर ने मुस्कराते हुए कहा, "निकालो एक रुपया, पारिश्रमिक पूरा एडवांस।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'काम तमाम कर देना' और 'धूल में मिला देना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'निराशा के बादल फटना' मुहावरे का वाक्य बनाइए।

## 'खंड-ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । (1x5=5)

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वज़ीफ़ा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया। वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है। वकील ने शिकायत की भी परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा-भला सुना दिया। वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ़ नफ़रत कूट-कूटकर भरी है, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(i)वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है?'' कथन के माध्यम से वज़ीर अली के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता ज्ञात होती है?

(क) वज़ीर अली एक स्वाभिमानी व्यक्ति था ।

(ख) वज़ीर अली एक दार्शनिक व्यक्ति था ।

(ग) वज़ीर अली एक लाचार व्यक्ति था ।

(घ) वज़ीर अली एक देशभक्त था ।

(ii) ब्रिटिश शासन द्वारा 'वज़ीर अली को पद से हटाना' -----------परिचायक है |

(क) उनकी आदर्श राजनीति का

(ख) उनकी कूटनीति का

(ग) साम्यवादी सोच का

(घ) उदारवादी नीतियों का

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प का चयन कीजिए ।

कथन (A) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी।

कारण (R) वज़ीर अली अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv)अंग्रेज़ों ने वज़ीर अली को बनारस किस उद्देश्य से पहुँचाया था?''

(क) वे उसकी बढ़ती ताकत और वर्चस्व को रोकना चाहते थे |

(ख) वे सआदत अली के सिर से वज़ीर नाम का खतरा हटाना चाहते थे |

(ग) वे वहाँ उसे आसानी से हरा सकते थे |

(घ) वे उसे वहाँ ले जाकर मरवाना चाहते थे ।

(v) वज़ीर अली के दिल में अंग्रेजों के खिलाफ नफ़रत कूट-कूटकर क्यों भरी थी?

(क) अंग्रेजों को वज़ीर अली सालाना रूपये नहीं देता था ।

(ख) वज़ीर अली को अधिक पैसे की ज़रूरत थी।

(ग) वज़ीर अली के सल्तनत पर अंग्रेजों ने सआदत अली को बैठाया गया था ।

(घ) इनमें से कोई नहीं ।

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए(3x2=6)

(क) तताँरा वामीरो कथा के अनुसार गाँव वाले तताँरा से काफ़ी प्रभावित थे लेकिन उनके प्रेम के मामले में वामीरो का साथ क्यों नहीं दिया ?

(ख) बड़े भाई साहब ने शिक्षा को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने की बात कही है। आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ? अपने विचार लिखिए ।

(ग) फ़िल्म से कोई आर्थिक लाभ न मिलने की बात जानने पर भी कवि शैलेंद्र ने फ़िल्म के लिए सब कुछ दाँव पर लगा दिया ।इससे हमें कवि शैलेंद्र के व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है ?तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए ।

(घ) आपके विचार से कौन से ऐसे मूल्य हैं ,जो शाश्वत हैं ?वर्तमान समय में इन मूल्यों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए ।

9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । (5x1=5)

खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।

(i) खूँ से जमीं पर लकीर खींचने का क्या आशय है?

(क) खून गिराना

(ख) शत्रुओं का नाश करना

(ग) अपने बलिदान से सीमा की रक्षा करना

(घ) अपने खून से रेखा खींचना

(ii) कविता में रावण किसे कहा गया है?

(क) बांग्लादेश को

(ख) पाकिस्तान को

(ग) नेपाल को

(घ) चीन को

(iii) हाथ उठने से तात्पर्य है-

(क) विपत्ति आना

(ख) आक्रमण होना

(ग) संघर्ष होना

(घ) मित्रता होना

(iv) राम-लक्ष्मण यहाँ किसके प्रतीक है?

(क) संस्कृति के

(ख) सभ्यता के

(ग) संबंधियों के

(घ) मर्यादा-रक्षकों के

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A): सैनिक देशवासियों को देश की रक्षा करने का संदेश दे रहे हैं।

कारण (R): देशवासियों का संगठन ही रावण रूपी शत्रुओं से देश की रक्षा कर सकता है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए। (3X2=6)

(क) विरासत में मिली वस्तुओं की संभाल जरूरी है, क्यों ? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) कवि सुखों के दिनों के लिए ईश्वर से क्या निवेदन करता है ?

(ग) कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर पर्वत के रूप-स्वरूप का चित्रण कीजिए।

(घ) कृष्ण का चीर बढ़ाना किस कहानी की ओर संकेत करता है ? कविता के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

11. पूरक पुस्तक संचयन पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए। (2×3=6)

(क) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे?

(ख) 'सपनों-के-से दिन' पाठ में लेखक को कब लगता है कि वह भी एक फौजी है? कारण सहित लिखिए।

(ग) 10 अक्टूबर, सन् पैंतालीस का दिन टोपी के जीवन में क्या महत्व रखता है?

## खंड-घ

## (रचनात्मक लेखन)

12. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

**(क) इंटरनेट: एक संचार क्रांति**

- आधुनिक युग विज्ञान का युग
- इंटरनेट एक विशेष उपलब्धि
- इंटरनेट के लाभ
- संचार जगत में क्रांति

**(ख) संयुक्त परिवार - आज की आवश्यकता**

- युवा पीढ़ी को रिश्तों का ज्ञान
- मिल-जुलकर रहने की भावना
- अच्छे संस्कारों का ग्रहण
- बुजुर्गों की उपस्थिति व महत्ता
- अकेलेपन से मुक्ति

**(ग) करत-करत अभ्यास से जड़मति होत सुजान**

- जन्म से कोई मूर्ख व विद्वान नहीं
- अभ्यास से विद्वान - उदाहरण
- अभ्यास से कौशल प्राप्ति
- विद्यार्थियों के लिए अभ्यास का महत्त्व

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।(5)

(क) आप 29/5 संस्कार अपार्टमेंट, सेक्टर-14 वन विहार,नई दिल्ली के निवासी है आप चाहते हैं कि लोग दीपावली में पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। पटाखों से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ख) आप विद्यालय की छात्र -परिषद के सचिव हैं । स्कूल में विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए । (4)

(क) अपने मोहल्ले की सुधार समिति के सचिव की ओर से 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार लिखिए।

**अथवा**

(ख) आप छात्र परिषद, अ. ब. स. स्कूल की सचिव मनस्विता मौर्य हैं। आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर तरह की पुस्तकों पर 25% तक की छूट दी जाएगी। ये पुस्तकें विभिन्न विषयों से संबंधित होंगी। इस संबंध में एक सूचना लिखिए।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए । (3)

(क) आपके शहर में ऊनी कपड़ों की सेल लगी है। इसके लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) 'सुलेख' नाम से पेन बनाने की नई कम्पनी के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** जिस व्यक्ति की रक्षा स्वयं ईश्वर करता है, उसे कोई नहीं मार सकता-- विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए । **(5)**

**अथवा**

आप अंकित कपूर / अंकिता कपूर हैं । आपको हिंदी भाषा से विशेष लगाव है, इसलिए आप ग्यारहवीं कक्षा में वाणिज्य-विषय के साथ हिंदी को अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ना चाहते हैं । इसकी अनुमति अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय को विद्यालय के ई-मेल पते पर लगभग 80 शब्दों में लिखते हुए अनुमति प्राप्त कीजिए ।

*********